**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1420**
**दिनांक 13 फरवरी, 2025**

**सीएनजी पंपों की कमी**

**†1420. श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे:**
**श्रीमती भारती पारधी:**
**श्री धर्मेन्द्र यादव:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सम्पूर्ण देश में सीएनजी चालित वाहनों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सम्पूर्ण देश में सीएनजी चालित वाहनों की बढ़ी हुई संख्या की तुलना में सीएनजी पंपों की कमी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सम्पूर्ण देश के प्रत्येक जिले में नए सीएनजी पंप स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) आज की तिथि के अनुसार, सम्पूर्ण देश में राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार, विशेषकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में, स्थापित सीएनजी पंपों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) और (ख): सीएनजी वाहनों के पंजीकरण का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ग) और (घ): सीएनजी स्टेशनों की स्थापना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्कों के विकास का भाग है और यह कार्य पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा उनके न्यूनतम कार्य-कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) के अनुसार किया जाता है। एमडब्ल्यूपी के अनुसार प्राधिकृत कंपनियां वर्ष 2034 तक देशभर में 18,336 सीएनजी स्टेशनों को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार कंपनियों ने 4,025 सीएनजी स्टेशनों को स्थापित करने के आनुपातिक लक्ष्य के सापेक्ष 7,395 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए हैं। देश में पिछले तीन वर्षों में स्थापित किए गए सीएनजी स्टेशनों की संचयी संख्या निम्नवत हैं:-

| **वर्ष** | **मार्च, 2022** | **मार्च, 2023** | **मार्च, 2024** |
|---|---|---|---|
| सीएनजी स्टेशन (संख्या) | 4433 | 5665 | 6861 |

(स्रोत:पीएनजीआरबी)

(ड.) से (च): 12/12ए सीजीडी बोली दौर के पूरा होने के बाद पीएनजीआरबी द्वारा सीजीडी नेटवर्क के विकास के लिए देश के लगभग 100 % मुख्य भूमि क्षेत्र को कवर करते हुए 307 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) को प्राधिकृत किया गया है। दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र राज्य सहित देशभर में स्थापित किए गए सीएनजी स्टेशनों का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

"सीएनजी पंपों की कमी" के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे, श्रीमती भारती पारधी और श्री धर्मेन्द यादव द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1420 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

सीएनजी वाहनों के पंजीकरण का ब्यौरा

:

| वाहनों की श्रेणी | 2019-20 | | | 2020-21 | | | 2021-22 | | | 2022-23 | | | 2023-24 | | | 2024-25* | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | सीएनजी | % | कुल | सीएनजी | % | कुल | सीएनजी | % | कुल | सीएनजी | % | कुल | सीएनजी | % | कुल | सीएनजी | % |
| 3 तिपहिया | 696839 | 185306 | 26.6 | 262587 | 50104 | 19.1 | 385528 | 125039 | 32.4 | 700547 | 245607 | 35.1 | 1020781 | 355711 | 34.8 | 817576 | 283974 | 34.7 |
| 4 चार पहियों वाले | 3415610 | 186502 | 5.5 | 3277834 | 193103 | 5.9 | 3615495 | 252699 | 7.0 | 4268806 | 342397 | 8.0 | 4503518 | 451560 | 10.0 | 3816562 | 487335 | 12.8 |
| बस | 109986 | 5676 | 5.2 | 16006 | 845 | 5.3 | 20860 | 1697 | 8.1 | 56086 | 5634 | 10.0 | 91085 | 5173 | 5.7 | 89778 | 6733 | 7.5 |
| एमजीवी | 42012 | 4514 | 10.7 | 24695 | 4741 | 19.2 | 37433 | 13921 | 37.2 | 36920 | 7574 | 20.5 | 37630 | 4031 | 10.7 | 32280 | 4507 | 14.0 |
| एचजीवी | 238068 | 995 | 0.4 | 94361 | 1700 | 1.8 | 187229 | 11002 | 5.9 | 281685 | 8255 | 2.9 | 297680 | 5342 | 1.8 | 227063 | 5117 | 2.3 |

*31 जनवरी, 2025 तक

(एमजीवी-मिडियम गुड्स् वाहन)

(एचजीवी-हेवी गुड्स वाहन

(स्रोत:सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

******

अनुलग्नक-II

“सीएनजी पंपों की कमी” के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को श्री श्रीरंग आप्पा चंदू बारणे, श्रीमती भारती पारधी और श्री धर्मेन्द यादव द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1420 के भाग (ड.) से (च)के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

## दिनांक 30.11.2024 की स्थिति के अनुसार सीएनजी स्टेशनों की राज्य-वार प्रगति

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | उपलब्धि |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 213 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 3 | असम | 26 |
| 4 | बिहार | 183 |
| 5 | चंडीगढ़ | 10 |
| 6 | छत्तीसगढ | 30 |
| 7 | दादरा और नागरा हवेली, दमन और दीव | 12 |
| 8 | दिल्ली | 494 |
| 9 | गोवा | 14 |
| 10 | गुजरात | 1,040 |
| 11 | हरियाणा | 498 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 22 |
| 13 | झारखंड | 115 |
| 14 | कर्नाटक | 422 |
| 15 | केरल | 198 |
| 16 | केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख | 0 |
| 17 | मध्य प्रदेश | 362 |
| 18 | महाराष्ट्र | 1,028 |
| 19 | मणिपुर | 0 |
| 20 | मेघालय | 0 |
| 21 | मिजोरम | 0 |
| 22 | नगालैंड | 0 |
| 23 | ओडिशा | 125 |
| 24 | पुदुचेरी | 15 |
| 25 | पंजाब | 261 |
| 26 | जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश | 2 |
| 27 | राजस्थान | 386 |
| 28 | सिक्किम | 0 |
| 29 | तमिलनाडु | 368 |
| 30 | तेलंगाना | 211 |
| 31 | त्रिपुरा | 22 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 1,143 |
| 33 | उत्तराखंड | 45 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 150 |
| **कुल** | | **7,395** |

(स्रोत: – पीएनजीआरबी)

******